समाचार

निगम की सफाई व्यवस्था में आया बेहतर बदलाव-नगर विधायक

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया दर्री क्षेत्र में मणि कंचन केन्द्र का लोकार्पण)

कोरबा 12 सितम्बर 2017 -नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम के साफ-सफाई कार्यो का बेहतर रुप में संपादन हो रहा है तथा सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि निगम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था से अब सड़कों के किनारे व सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर नहीं लगते, साथ ही इससे कचरे के समुचित निपटन में भी आसानी हो रही है।

उक्ताशय के विचार विधायक श्री अग्रवाल ने आज दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले अयोध्यापुरी जमनीपाली में आयोजित एक लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत स्थापित किए जा रहे मणि कंचन केन्द्रों की कड़ी में दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले अयोध्यापुरी जमनीपाली में लगभग 19 लाख रुपये की लागत से मणि कंचन केन्द्र का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रुप से स्वच्छता तथा इसके प्रति जागरुकता आज की बड़ी आवश्यकता है, स्वच्छ वातावरण व स्वच्छ परिवेश अच्छे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत जरुरी है, उन्होने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में अत्यंत सकारात्मक बदलाव लाए गए हैं, संसाधनों को बढ़ाया गया है तथा बेहतर स्वरुप में साफ-सफाई कार्य संपादित किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि निगम ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था लागू की है, इसके तहत निगम के सफाईमित्र घर-घर जाकर कचरे को संग्रहित करते हैं, उन्हें मणि कंचन केन्द्रों में लाते हैं, जहां पर कचरे को पृथक-पृथक कर उनका समुचित रुप में निपटान किया जा रहा है, इससे काफी संख्या में उत्सर्जित होने वाले कचरे के समुचित प्रबंधन में आसानी हो रही है, वहीं दूसरी ओर सड़क के किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का ढेर नहीं दिखाई पड़ रहे तथा पूर्व की अपेक्षा नगर ज्यादा साफ-सुथरा नजर आ रहा है।

सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान- इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़े हुए निगम के अन्य कार्यो के साथ-साथ साफ-सफाई कार्यो पर विशेष रुप से ध्यान निगम द्वारा दिया जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। शहर की सफाई व्यवस्था में अनेक परिवर्तन लाए गए हैं, संसाधनों को बढ़ाया गया है तथा मेरा निजी रुप से भी यह निरंतर प्रयास रहता है कि साफ-सफाई कार्यो में कोई अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए तथा बेहतर से बेहतर स्वरुप में साफ-सफाई कार्य संपादित हो। इस अवसर पर निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने कहा कि निश्चित रुप से महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम ने विकास के नए प्रतिमान रचे हैं, विशेषकर आमजनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अपनी विशेष रुचि दिखाई है, परिणाम स्वरुप आज कोरबा शहर ही नहीं बल्कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दूरदराज क्षेत्रों तक लोगों को सभी आवश्यक मौलिक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं तथा सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ-सफाई जैसी प्राथमिक सुविधाओं के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ रहा है।

लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल सदस्य इस्माईल कुरैशी व सुनील पटेल, पार्षद विनीत एक्का, वीरसाय धनुवार, अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह कंवर एवं अघन बाई कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, रेखा त्रिपाठी, सपना चौहान, सुधीर जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. नेताम, बिसाहूदास, बनवारी आदित्य, चित्रलेखा साहू, रंजीता बडा, सरिता श्रीवास्तव, एस.के.त्रिपाठी, बी.सी.नामदेव, निगम के सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, यशवंत जोगी, ज्योति राजपूत, रानी महंत, पूनम सोनकर आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।